आग के खतरे की रेटिंग (फायर डेंजर रेटिंग) बदल गई है

आग के खतरे की रेटिंग (फायर डेंजर रेटिंग) को जानने से आपकी जान बच सकती है

फायर डेंजर रेटिंग अब अधिक सरल और समझने में अधिक आसान है। नवीनतम विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, वे संपत्तियों और जीवन को बचाने के लिए अधिक स्पष्ट और सटीक रेटिंग प्रदान करते हैं।

फायर डेंजर रेटिंग आपको आग लगने के परिणामों का संकेत देती है, अगर आग लग जाए तो।

रेटिंग जितनी अधिक होगी, स्थितियां उतनी ही खतरनाक होंगी।

आपको क्या जानने की ज़रूरत है

फायर डेंजर रेटिंग के चार स्तर हैं, जो हैं:

मध्यम

योजना बनाएं और तैयार रहें।

अधिकांश आग पर काबू पाया जा सकता है।

- जानकार रहें और आग लगने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

उच्च

कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

आग खतरनाक हो सकती है।

- जोखिम बढ़ा हुआ है। अपने क्षेत्र में आग से सतर्क रहें।
- तय करें कि आग लगने पर आप क्या करेंगे।
- अगर आग लगती है, तो आपकी जान और माल को खतरा हो सकता है। सबसे सुरक्षित विकल्प बुश फॉयर के जोखिम वाले क्षेत्रों से बचना है।

बहुत ज़्यादा

अपने जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए अभी कदम उठाएं।

आग तेजी से फैलेगी और बेहद खतरनाक होगी।

- ये आग की खतरनाक स्थितियाँ हैं।
- अपनी बुश फायर योजना और इस बात की जाँच करें कि आपकी संपत्ति आग से बचने के लिए तैयार है।
- आग लगने पर तत्काल कार्रवाई करें। यदि आपकी और आपकी संपत्ति की तैयारी सबसे उच्च स्तर की नहीं हैं, तो आग के प्रभाव से पहले सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।
- बुश फॉयर के जोखिम वाले क्षेत्रों से होते हुए यात्रा करने पर पुनर्विचार करें।

प्रलयंकर

अपने जीवन के लिए, बुश फॉयर के जोखिम वाले क्षेत्रों से चले जाएँ।

अगर आग लगती है और हर तरफ से घेरा बना लेती है, तो जान जाने की संभावना है।

- ये आग की सबसे खतरनाक स्थितियां हैं।
- आपका जीवन आग लगने से पहले ही आपके द्वारा लिए गए निर्णयों पर निर्भर हो सकता है।
- सुबह जल्दी ही या एक रात पहले ही किसी सुरक्षित स्थान पर जाकर सुरक्षित रहें।
- ऐसी स्थिति में घर आग का सामना नहीं कर सकते। हो सकता है कि आप वहाँ से न निकल पाएँ और आपको सहायता न मिल पाए।

कोई रेटिंग नहीं: जिन दिनों जोखिम बहुत कम होता है, तब सफेद पट्टी का उपयोग किया जाएगा जिस का अर्थ है ‘नो रेटिंग’।
किसी भी आग की सूचना 000 को दें।

Queensland Government

आग के खतरे की रेटिंग को समझना

फायर डेंजर रेटिंग, यदि आग लग जाए तो उस के परिणामों के बारे बताना। वे आग लगने की संभावना का संकेत नहीं देते हैं, हालाँकि यह एक आम गलत धारणा है।

फायर डेंजर रेटिंग, आग के क्षेत्र के लिए घोषित की जाती हैं। ये स्थानीय सरकार के क्षेत्रों पर आधारित होते हैं।

रेटिंग की गणना मौसम के पूर्वानुमान और वनस्पति के बारे में उस जानकारी का संयोजन करके की जाती है जिससे आग भड़क सकती है।

कटाई के मौसम के दौरान, बहुत अधिक और उससे भी बदतर वाले क्षेत्रों के लिए हार्वेस्ट सेफ्टी अलर्ट जारी किए जा सकते हैं।

आग जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध आमतौर पर बहुत अधिक और उससे भी बदतर होने पर लागू होंगे।

जब आग का खतरा चरम सीमा पर पहुँच जाता है, तो परमिट निलंबित किए जा सकते हैं। अपने फायर परमिट में दी गई शर्तों को देखें।

आप बुश फायर से बचने की अपनी योजना की कार्रवाई के लिए शुरूआत के तौर पर फायर डेंजर रेटिंग्स का उपयोग कर सकते हैं।

https://qld.gov.au/fdr

अपने स्थानीय समाचार सुनना

Hindi | हिन्दी